# व्यापार और निवेश पर छठी भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय वार्ता

## प्रिलिम्स के लिये:

व्यापार और निवेश पर छठी भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय वार्ता (MDTI), **स्वच्छ प्रौद्योगिकी**, **संसदीय संरचना**, **सूचना प्रौद्योगिकी**, **जैव ईंधन**, **ANTRIX**

## मेन्स के लिये:

भारत और कनाडा के बीच सहयोग के क्षेत्र

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **कनाडा के ओटावा में व्यापार और निवेश पर छठी भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय वार्ता** आयोजित की गई।

## प्रमुख बिंदु:

- **भारत की G20 अध्यक्षता का समर्थन:**
  - कनाडा के मंत्री ने **G20 अध्यक्ष के रूप में भारत** और G20 व्यापार तथा निवेश कार्य समूह में इसकी प्राथमिकताओं पर अपना समर्थन व्यक्त किया।
    - उन्होंने **अगस्त 2023 में भारत में होने वाली आगामी G20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने की इच्छा** जाहिर की।
- **सहयोग में वृद्धि:**
  - मंत्रियों ने बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये **स्वच्छ प्रौद्योगिकियों**, **महत्त्वपूर्ण खनिजों**, **इलेक्ट्रिक वाहनों** और बैटरी, नवीकरणीय ऊर्जा/हाइड्रोजन तथा **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** जैसे क्षेत्रों में सहयोग के महत्त्व पर प्रकाश डाला।
- **महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखला सुनम्यता:**
  - मंत्रियों ने **महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखला सुनम्यता को बढ़ावा देने के लिये सरकारों के बीच समन्वय के महत्त्व पर बल** दिया।
    - उन्होंने आपसी हितों पर चर्चा करने के लिये टोरंटो में **प्रॉस्पेक्टर्स एंड डेवलपर्स एसोसिएशन कॉन्फ्रेंस** (PDAC) के दौरान आधिकारिक स्तर पर एक वार्षिक संवाद के लिये प्रतिबद्धता जताई।
- **कनाडा-भारत CEO फोरम:**
  - मंत्रियों ने नए उद्देश्य और प्राथमिकताओं के साथ **कनाडा-भारत CEO फोरम को पुनर्व्यवस्थित और फिर से शुरू करने** पर सहमति व्यक्त की।
    - **CEO फोरम व्यवसायों के बीच जुड़ाव बढ़ाने के लिये एक मंच** के रूप में काम करेगा और इसकी घोषणा सर्वसहमत-निर्धारित तिथि पर की जा सकती है।
- **व्यापार मिशन और प्रतिनिधिमंडल:**
  - कनाडा के मंत्री ने अक्तूबर 2023 में भारत में **टीम कनाडा व्यापार मिशन के अपने नेतृत्व की** घोषणा की।
    - इस मिशन का उद्देश्य एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना है।




//

## भारत और कनाडा के बीच सहयोग के क्षेत्र:

- **परिचय:**
  - भारत ने **वर्ष 1947 में कनाडा के साथ राजनयिक संबंध** स्थापित किये। भारत और कनाडा के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, दो समाजों की **बहु-सांस्कृतिक, बहु-जातीय एवं बहु-धार्मिक प्रकृति तथा लोगों के बीच संपर्क पर आधारित** लंबे समय से मज़बूत द्विपक्षीय संबंध हैं
- **राजनीतिक:**
  - भारत और कनाडा **संसदीय संरचना** और प्रक्रियाओं में समानताएँ साझा करते हैं।
  - भारत में **कनाडा का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायोग द्वारा** किया जाता है।
    - **कनाडा में बंगलूरू, चंडीगढ़ और मुंबई में महावाणिज्य दूतावास के साथ-साथ अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद तथा कोलकाता** में व्यापार कार्यालय भी हैं।
- **व्यापार:**
  - वस्तुओं में **भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2022 में लगभग 8.2 बिलियन अमेरिकी** डॉलर तक पहुँच गया, जो **वर्ष 2021 की तुलना में 25% की वृद्धि** दर्शाता है।
    - **वर्ष 2022 में लगभग 6.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के द्विपक्षीय** सेवा व्यापार के साथ, सेवा क्षेत्र को द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्त्वपूर्ण योगदानकर्त्ता के रूप में बल दिया गया था।
  - **कैनेडियन पेंशन फंड** ने संचयी रूप से भारत में **लगभग 55 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का निवेश किया है और भारत को तेज़ी से निवेश के लिये एक अनुकूल गंतव्य के रूप में देखा जा रहा है।
  - भारत में 600 से अधिक कनाडाई कंपनियों की उपस्थिति है और 1,000 से अधिक कंपनियाँ सक्रिय रूप से भारतीय बाज़ार में कारोबार कर रही हैं।
    - कनाडा में भारतीय कंपनियाँ **सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर, स्टील, प्राकृतिक संसाधनों** और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं।
  - **भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते** पर भी बातचीत चल रही है।
    - भारत और कनाडा के बीच वर्ष 2023 में **अर्ली प्रोग्रेस ट्रेड एग्रीमेंट (EPTA)** पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।
      - समझौते में **वस्तुओं, सेवाओं, निवेश, उत्पत्ति के नियम, स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों, व्यापार के लिये**

**तकनीकी बाधाओं तथा विवाद निपटान** सहित कई क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा।

- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी:**
  - भारत के **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB)** ने **परमाणु सुरक्षा और नियामक मुद्दों** के अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिये 16 सितंबर, 2015 को **कनाडाई परमाणु सुरक्षा आयोग (CNSC)** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
  - भारत-कनाडा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग मुख्य रूप से औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहा है जिसमें **नए IP, प्रक्रियाओं, प्रोटोटाइप या उत्पादों के विकास** की क्षमता विस्तार की संभावना है।
    - नवंबर 2017 में नई दिल्ली में आयोजित **प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में कनाडा भागीदार देश था।**
  - **पृथ्वी विज्ञान विभाग और ध्रुवीय कनाडा (डिपार्टमेंट ऑफ अर्थ साइंस एंड पोलर कनाडा)** ने **शीत जलवायु (आर्कटिक) अध्ययन** पर ज्ञान एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आदान-प्रदान के लिये एक कार्यक्रम शुरू किया है।
  - **"मिशन इनोवेशन"** कार्यक्रम के तहत भारत **सतत् जैव ईंधन (IC4) के क्षेत्रों** में विभिन्न गतिविधियों हेतु कनाडा के साथ सहयोग कर रहा है।
  - **ISRO की वाणिज्यिक शाखा ANTRIX** (एंट्रिक्स) ने कनाडा से कई नैनो उपग्रह प्रक्षेपित किये हैं।
    - 12 जनवरी, 2018 को लॉन्च किये गए अपने 100वें सैटेलाइट PSLV में ISRO ने **आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा** के भारतीय स्पेसपोर्ट से **कनाडा का पहला LEO उपग्रह** का भी प्रक्षेपण किया

- **शिक्षा और संस्कृति:**
  - **शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट (SICI)** वर्ष 1968 से भारत और कनाडा के बीच **शिक्षा एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने वाला एक अनूठा द्वि-राष्ट्रीय संगठन है।**
  - **नवंबर 2017 में गोवा में आयोजित 48वें भारतीय** अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव **में कनाडा को केंद्रीय देश के रूप में प्रदर्शित किया गया।**
  - कनाडा पोस्ट और इंडिया पोस्ट ने वर्ष 2017 में दिवाली के अवसर पर स्मारक डाक टिकट जारी करने हेतु सहयोग किया।
    - कनाडा पोस्ट ने वर्ष 2020 और 2021 में पुनः दिवाली टिकट जारी किये।
  - अक्तूबर 2020 में कनाडा ने **प्राचीन अन्नपूर्णा प्रतिमा के स्वैच्छिक प्रत्यावर्तन** की घोषणा की, जिसे एक कनाडाई कलेक्टर द्वारा **अवैध रूप से अधिग्रहीत किया गया था और रेजिना विश्वविद्यालय में रखा गया था।**
    - इस मूर्ति को भारत को सौंप दिया गया है और नवंबर 2021 में **वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के अंदर रखा गया है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किस समूह में सभी चार देश G20 के सदस्य हैं? (2020)**

(a) अर्जेंटीना, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका और तुर्किये
(b) ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया और न्यूज़ीलैंड
(c) ब्राज़ील, ईरान, सऊदी अरब और वियतनाम
(d) इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया

**उत्तर: (a)**

## स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-india-canada-ministerial-dialogue-on-trade-and-investment